PRINT

# पंजाब केसरी (Punjab Kesri)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 347211 |
| --- | --- | --- |
| दिनांक (Dated): 16.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 05 | क्रम सं. (Serial No.) 1 |

## सीआईएसएफ के जवानों को किया गया सम्मानित



**नई दिल्ली** (पंजाब केसरी): सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ) के खिलाड़ियों ने इंटरनेशनल और नेशनल लेवल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 159 मेडल अपने नाम किए हैं। हाल ही में यूके के बर्मिंघम में संपन्न हुए विश्व पुलिस खेलों में बल के जवानों ने 66 मेडल जीते, जबकि 93 पदक नेशनल , इंटरनेशनल और भारतीय पुलिस खेलों में हासिल किए गए। सीआईएसएफ मुख्यालय में महानिदेशक ने इन विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही बल ने अब तक का सबसे बड़ा खेल भर्ती अभियान शुरू किया है, जिसके तहत 433 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की भर्ती की जाएगी। इनमें से 229 स्थान महिला खिलाड़ियों के लिए आरक्षित होंगे। इस अभियान की निगरानी के लिए मुख्यालय में पहली बार सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) स्तर के अधिकारी को खेल गतिविधियों की दैनिक मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है।